# शासकीय दिग्विजय स्व”ाासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनॉदगांव (छ.ग.)

## राष्ट्रीय कैडेट कोर

National Cadet Corps

विद्या सर्वस्य भूषणम्

# वार्षिक प्रतिवेदन

## सत्र् – 2015–16

# राष्ट्रीय कैडेट कोर

# वार्शिक प्रतिवेदन – 2015 – 2016.

एकता और अनुषासन का ध्येय लिए राष्टोय कैडेट कोर युवाओं में नेतृत्व"ाक्ति, चरित्र, प्रगाढ़ सेवाभाव व खेल भावना का आद"ॉ लिए युवाओं की अनु"ाक्ति, प्रि"ाक्षित् हाथों से एक सैन्य दल का सृजन कर आपातकाल में दे"ा को द्वितीय रक्षापंक्ति प्रदान करने के साथ–साथ युवाओं को इस प्रकार प्रि"ाक्षित कर रहा है, ताकि उनमें अफसरोचित गुणों का विकास हो और वे सेना में कमी"ान प्राप्त कर सकें, तथा दे"ा के लिए एक जिम्मेदार नागरिक तैयार हो सकें।

शासकिय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगॉव एन,सी,सी, की एक गौरव"ााली परम्परा रही है, 1990–91 में म,प्र, एन,सी,सी, रायफल्स की सब युनिट से प्रारंभ होकर वर्तमान में छात्र एवं छात्रा विंग के रुप में अलग–अलग एन,सी,सी, सब युनिट 37 छ,ग, एन,सी,सी, बटालियन दुर्ग छ,ग, के क्षेत्राधिकार में छात्र/छात्राऐ आर्मी एवं नेवल एन,सी,सी, प्रि"ाक्षण प्राप्त कर रहें है। 1960–61 में छात्रविंग युनिट के रुप में एन,सी,सी, महाविद्यालय में स्थपित हुई थी। नीतिगत परिवर्तनों के परिणाम स्वरुप जुलाई 1984 में छात्रा युनिट भी महाविद्यालय में प्रारंभ की गई। छात्रविंग के प्रथम एन,सी,सी, अधिकारी/लेपिटनेंट टी,आर,लूनावत एवं छात्राविंग की पहली केयरटेकर एन,सी,सी, अधिकारी डॉ,हेमलता मोहबे पूर्व प्राचार्य 1984 बनीं। इसी क्रम में महाविद्यालय में नेवल एन,सी,सी, की 'ाुरुआत 2010 में 50 सीटों के साथ हुई जिसके केयरटेकर एन,सी,सी, अधिकारी श्री संजय ठिसके बने।

'ाासकिय दिग्विजय महाविद्यालय एन,सी,सी, में अभी तक जिन अधिकारियों ने अपनी सेवाएं दी है, वे इस प्रकार हैं।

**छात्रविंग–थलः** 2/ले टी,आर,लूनावत, 2/ले आर,एस,भाटी, 2/ले आई,जे, महाजन, ले एस,के,तिवारी, ले व्ही,सी,श्रीवास्तव, कैप्टन जी,सी,एन,कुमारश्रे"ठ, मेजर के,बी,सिंह– 20 अगस्त 1977 से 31 दिसम्बर 1992, कैप्टन आर,एन,सिंह– रक्षासचिव पदक 01 जनवरी 1992, कैप्टन पी,डी,सोनकर 1992 से निरंतर।

छात्राविंग–थलः केयर टेकर डॉ,हेमलता मोहबे, ले एल,चाने, मेजर श्रीमती किरण लता दामले – 16 दिसम्बर 1994 से निरन्तर।

छात्रविंग–नेवीः केयरटेकर श्री संजय ठिसके, केयरटेकर डॉ प्रमोद महीष, श्री राजू खूटे – 2014 से निरन्तर।

'ाासकिय दिग्विजय महाविद्यालय की **छात्रविंग–थल** में 65, छात्राविंग–थल मे 52 एवं छात्रविंग–नेवी में 50 विद्यार्थियों को पंजीकृत किया गया है। इन्हे तीन व"ॉ का प्रषिक्षण दिया जाता है। जिसमें आर्मी एवं नेवी से सम्बन्धित वि"ाय जैसे– रायफल ट्रेनिंग, मैप रीडिंग, मिलिटरी वि"ाय जैसे सिग्नल, फील्ड–क्राप्ट एवं बैटिल क्रापट एवं टेक्टिस के अलावा तैराकी, जहाजों की बनावट, सम्बन्धित तकनीक आदि का प्रषिक्षण दिया जाता है। साथ ही छात्र–छात्राओं के बौधिक एवं 'ाारीरिक विकास हेतु अन्य वि"ाय जैसे– नेतृत्व, नागरिक सुरक्षा, आत्म सुरक्षा, स्वास्थ्य एचं सफाई, प्राथमिक उपचार आदि का प्रषिक्षण दिया जाता है। प्रषिक्षण के दौरान कैडेट विभिन्न षिविरों में सम्मिलित होते है जिसमें वे अन्य संस्कृति के बारे में जानते हैं।

एक व"ॉ के प्रषिक्षण उपरांत द्वीतिय व"ॉ में 'बी' एवं तृतीय व"ॉ में 'सी' प्रमाण पत्र परीक्षा आयोजित कर 'बी' एवं 'सी' प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं। इस प्रमाण–पत्र से छात्राओं को उच्च कक्षा में प्रवेष हेतु बोनस अंक प्राप्त होते हैं। 'ाासकिय एवं अ'ाासकिय पदों हेतु भी बोनस अंक एवं पद आरक्षित होते हैं।

**इस सत्र में कैडेटों ने विभिन्न ि"ाविरों में अपनी सकिय भागीदारी दी।**

**कैडेटों की उपलब्धि**

1. **सीनियर अण्डर अफसर दीपक त्रिपाठीः 'गणतन्त्र दिवस 2016 – नई दिल्ली' में दीपक त्रिपाठी ने पधान मंत्री रैली में सम्मिलित हो कर विषेश स्थान प्राप्त किया।** महानिदे"ाक एन.सी.सी. नई दिल्ली के द्वारा रू. 1000/– भी प्रदान किया गया। उन्हें राज्यपाल पुरस्कार रू. 5000/– से पुरस्कृत किया गया।

## 1, थल एन,सी,सी,–

– **थल सेना ि"ाविर रायपुरः** भिलाई एवं रायपुर में 15 कैडेटों ने भाग लिया।

. सीनियर अण्डर अफसर कोमल श्रीवास थल सेना ि"ाविर में भोपाल में सम्मिलित हुई।

– **राश्ट्रोय एकता ि"ाविरः** राष्टोय एकता ि"ाविर बापटला आंध्र प्रदे"ा में महाविद्यालय के कैडेटों ने समूह नृत्य में प्रथम स्थान, एन.आई.ई.पी. में द्वीतिय एवं वादविवाद प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। में 10 कैडेटों ने भाग लिया।

– **वार्शिक प्रि"ाक्षण ि"ाविरः** रायपुर एवं भिलाई में 55 कैडेटों ने भाग लिया।

## 2, नेवल एन,सी,सी, –

– कटक प्रि"ाक्षण ि"ाविरः **रायपुर में 8 कैडेटों ने भाग लिया।**

–**एन,एस,सी** ि"ाविरः **एन,एस,सी** ि"ाविर एक एवं दो ि"ाविर ग्वालियर हेतु 4 **कैडेटों ने नेवल बेस कैंप, कारवार, कर्णाटक में भाग लिया।**

– गणतंत्र दिवस परेडः गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली में भाग लेने के लिए कैडेट डोमन कुमार चयन प्रक्रिया में RDC I, RDC II, DCAT I, **,Goa** DCAT II जो क्रमषः भिलाई, रायपुर एवं भोपाल में आयोजित किए गए थे, में सम्मिलित हुए।

3– **स्वतंत्रता– दिवस, गणतंत्र– दिवस एवं एन. सी. सी. स्थापना दिवस** पर कैडेट उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। **कैडेटों ने परेड का भाानदार प्रर्द"ान किया। उन्होंने खेल प्रतियोगिता– स्लो साइकिल एवं चम्मच दाड़ में भाग लिया। कैडेटों ने भाानदार सॉंकृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।**

4, **सामाजिक कार्यः** प्रषिक्षण के अलावा कैडेटों ने सामाजिक कार्यों में भी अपनी सक्रिय भागीदारी दी।

– रक्त–दानः इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डी.एस.पी. श्री 'ाषिमोहन, मेडिकल ऑफिसर डॉ.विजय दामले रहे। रक्त–दान मेडिकल कालेज एवं जिला चिकित्सालय के स्टाफ एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह, **मेजर किरण दामले, कैप्टन पी डी सोनकर एवं** प्राध्यापकगण **के निरिक्षण कें किया गया।** रक्त–दान एन.सी.सी **एवं एन. एस.एस. के कैडेटों द्वारा किया गया।**

– यातायात सप्ताहः यातायात विभाग के साथ सहयोग किया। यातायात रैली, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता एवं वाद्विवाद प्रतियोगिता में भाग ले कर जागरुकता जगाई।

– मतदाता दिवसः मतदाता दिवस में भी जिला प्रषासन के साथ सहयोग कर रैली निकाली एवं मतदान करने के लिए लोगों को उत्प्रेरित किया।

– सुभा"ा चन्द्र बोस जयंतीः नेताजी सुभा"ा चन्द्र बोस को महाविद्यालय में कैडेटों द्वारा सलामी दी गई।

– **युवा दिवसः श्री राजीव गॉधी जयंती के अवसर पर मेराथन दौड में कैडेट सम्मिलित हो कर युवा 'ाक्ति का परिचय दिया।**

– वृक्षारोपण पखवाड़ाः वृक्षारोपण पखवाड़ा का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री. अभि"ोक सिंह जी के द्वारा किया गया। तत्पष्चात जनभागीदारी अध्यक्ष, जनभागीदारी सदस्य, प्राचार्य डॉ, आर एन सिंह, **मेजर किरण दामले, कैप्टन पी डी सोनकर,** प्राध्यापकगण, **एवं कैडेटों के द्वारा** महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण

किया गया। अपने–अपने घरों में वृक्षारोपण करने हेतु महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं एवं **कैडेट को** पौधा वितरण किया गया।

– स्वच्छता सप्ताहः स्वच्छता सप्ताह के अंर्तगत् प्रत्येक बुधवार कैडेटस् महाविद्यालय परिसर में साफ–सफाई का कार्य करते है। राजनांदगॉव के बूढ़ा सागर एवं रानी सागर की सफाई का बीड़ा उढाया।

– षहीद लेफटिनेंट अरविंद दिक्षित 'ाहादत दिवसः जम्मू रेजिमेंट में हुए 'ाहीद लेफटिनेंट अरविंद दिक्षित को कैडेटों ने सलामी दी।

– महिला स"ाक्तिकरणः महिला पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, उत्पीड़न एवं निवारण संकल्प पर मोटर साइकल रैली द्वारा महाविद्यालय में आगमन। डी.एस.पी. श्रीमती प्रज्ञा मेश्राम ने महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को ने सुरक्षा संबंधी जानकारी दी।

– एस.पी. श्री पी. सुन्दराजन के द्वारा छात्रों को न्याय सम्बन्धि जानकारी दी।

– **संविधान दिवसः संविधान दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ आर एन सिहं ने महाविद्यालय के** प्राध्यापकगण, छात्र–छात्राओं एवं **कैडेट को 'ापथ दिलाई। संविधान दिवस के अवसर पर मेजर किरण दामले ने एन सी सी अधिकारी, कैडेट क्लब के सदस्यों एवं कैडेटों को 'ापथ दिलाई।**

– **वार्"ािक 'ापथ ग्रहण समारोहः महाविद्यालय के वार्"ािक 'ापथ ग्रहण समारोह में पायलेटिंग की एवं कार्यकम में अनुशासन व्यवस्था में सहयोग किया। छात्र छात्राओं के साथ कैडेटों ने भी 'ापथ ली।**

– **अंर्तरराा"टय योग दिवसः अंर्तरराा"टय योग दिवस पर 'ाास. दिग्विजय महाविद्यालय में समस्त एन.सी.सी. कैडेटों द्वारा योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें सभी संस्था के एन.सी.सी. कैडेट, कैडेट क्लब के सदस्यों ने सामूहिक रूप से योगा किया।**

– **एडवेंचर प्रशिक्षणः 37 सी.जी.बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल यू.के.पंत के निर्देशन में एक दिवसिय एडवेंचर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। जिसके तहत् कैडेटों एवं एन.सी.सी. अधिकारी ने पैरासेलिंग, वाल क्लाईबिंग, स्लिदविंग जैसे साहसिक गतिविधियों में प्रशिक्षण प्राप्त किया।**

– **स्टार्ट अप इंडियाः केन्द्रिय मंत्री श्री अरूण जेटली का स्टार्ट अप इंडिया का सीधा प्रसारण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त एन.सी.सी.अधिकारी एवं जिले के समस्त कैडेटों ने इस प्रसारण को देखा व सुना।**

5, परीक्षा परिणामः इस सत्र में 'बी' प्रमाण पत्र परीक्षा में 90 प्रतिषत एवं 'सी' प्रमाण पत्र परीक्षा मे 94 प्रतिषत् परिणाम रहा।

एन,सी,सी, कैडेटों को प्रोत्साहित करने के लिये महाविद्यालय स्तर पर स्वर्ण पदक की व्यवस्था दान–दाताओं के सहयोग से की जाती है। इस व"ा एन,सी,सी, **छात्र–थल विंग, श्रे"ठ कैडेट** के लिए श्रीमती रमादेवी पाण्डेय स्मृति स्वर्ण पदक, एन,सी,सी, **छात्र विशे"ा उपलब्धि** हेतु श्री देवनारायण सिंह स्मृति स्वर्ण पदक, एन,सी,सी, **छात्रा–थल विंग** सीनियर अण्डर अफसर कोमल श्रीवास**, श्रे"ठ कैडेट** के लिए श्री लालचंद गिडिया स्वर्ण पदक प्रदान किया जाता है।

# एन,सी,सी, गतिविधियों की कुछ झल्किया

## स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस समारोह








**भास. दिग्विजय महाविद्यालय में एन.सी.सी. ऑफिसर,** प्राध्यापकगण, **थल एवं जल एन.सी.सी. कैडेट झंडा वंदन करते हुए**








**शास. दिग्विजय महाविद्यालय के शहीद जवानों को श्रध्दांजली देते हुए कैडेट**

## गणतंत्र दिवस समारोह महंत राजा दिग्विजय दास स्डेडियम में





गणतंत्र दिवस पर महंतराजा दिग्विजय दास स्डेडियम में उद्घाशणा करते हुए मेजर किरणलता दामले एवं कैप्टन पी डी सोनकर





गणतंत्र–दिवस परेड में ड्रिल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि से प्रथम स्थान ट्राफी प्राप्त करते हुए सीनियर अण्डर अफसर कोमल श्रीवास, मेजर किरणलता दामले एवं कैप्टन पी,डी,सोनकर



**गणतंत्र–दिवस परेड में सम्मिलित कैडेटों को प्रताण पत्र वितरित किए गए**



# राजनांदगांव भास्कर

सोमवार 17 अगस्त, 2015 | अंबागढ़ चौकी • खैरागढ़ • डोंगरगांव | डोंगरगढ़ • छुरिया • मानपुर | श्रावण शुक्ल पक्ष-3, 2072

## स्वतंत्रता दिवस पर अंचल में छलका उत्साह, खूब याद आए शहीद जवान

राजनांदगांव | दिग्विजय स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस के दिन का नजारा ही अलग रहा। प्रभारी मंत्री राजेश मूणत के ध्वजारोहण बाद पुलिस जवान और एनसीसी कैडेट्स के सभी विंग्स ने मार्च पास्ट किया। उसी समय एक कोने पर खड़े आईटीबीपी के जवानों ने उनकी हौसला अफजाई की। उनका उत्साह देखते ही बना। इधर जैसे ही स्टूडेंट्स की प्रस्तुतियों का समय आया दर्शक दीर्घा ने दिल थाम लिया। प्रस्तुति के दौरान छात्र-छात्राओं का उत्साह देखते ही बना।

### एनसीसी व पुलिस जवान के मार्च पास्ट की सराहना

जवानों का उत्साह: स्टेडियम के एक कोने में खड़े आईटीबीपी के जवानों ने मार्च पास्ट कर रहे पुलिस जवानों और एनसीसी कैडेट्स को प्रोत्साहित किया। छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति कैमरे में कैद की। कुछ पल के लिए उनका उत्साह दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना।

### छात्राओं ने आदिवासी नृत्य कर दर्शकों का मन मोहा

खुशी में झूमे छात्र: एमरल्ड स्कूल के छात्राओं के आदिवासी नृत्य ने वहां बैठे हरेक दर्शक का मन मोह लिया। वे थिरकते रहे और दर्शकों का समूह हाथ पर ताल देता रहा। इसी तरह अन्य स्कूलों की प्रस्तुतियां भी रहीं।

### आतंकवाद पर भारत मां के रुदन का जीवंत मंचन

नम आंखों से किया याद: गायत्री स्कूल की इस प्रस्तुति ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं। आतंकवाद के शिकार लोगों पर भारत मां की रुदन देख हर किसी ने शहीदों को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। (संबंधित खबर : पेज 18 व 20 पर)



# रक्त–दान,








मुख्य अतिथि डी.एस.पी.श्री ‘ाशिमोहन, डॉ. विजय दामले, मेजर किरणलता दामले





जिला चिकित्सालय की ब्लड बैक टीम प्राचार्य डॉ.आर.एन.सिंह कैडेट रक्त दाताओं को फल वितरित करते हुए




रक्त–दान करते हुए कैडेटस्        कैडेटस को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया



शहीदों की याद में किया रक्तदान



शहादत
12 जुलाई 2009 को शहीद हुए जवानों को किया याद

शहीदों की याद में किया रक्तदान

# यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह











यातायात् सड़क सुरक्षा सप्ताहः कैडेट रैली एवं समापन



रायपुर, रविवार, 10 जनवरी 2016

10 से 16 जनवरी तक होंगे विविध आयोजन

## सड़क सुरक्षा सप्ताह आज से

यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए कल 10 जनवरी से सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

एजुकेशनल कार्यक्रम भी होंगे आयोजित

## अगले दौर में पहुंची पांच स्कूलों की टीम

आज के मैच



12 जनवरी 2016

## यातायात सप्ताह का आगाज

### हेल्मेट रैली निकालकर वाहन चालकों को जागरूक किया

नगर संवाददाता

कवर्धा. पुलिस अधीक्षक राहुल भगत के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के मार्गदर्शन में रक्षित निरीक्षक सतीश ठाकुर के नेतृत्व में जिले में यातायात सप्ताह का आयोजन 10 जनवरी 2016 भारत माता चौक में रखा गया, जिसमें जिला के कलेक्टर धनंजय देवांगन, विधायक अशोक साहु, नगर पंचायत अध्यक्ष देवकुमारी चन्द्रवंशी, उपाध्यक्ष नगर पालिका मनोज गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष रूपेश जैन, डिप्टी कलेक्टर कोशरीया एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं एनसीसी कैडेट शहर के गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उपस्थिति में उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भगत द्वारा अपने उद्बोधन में जानकारी देते हुए बताया गया कि पुलिस द्वारा यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह आम नागरिकों को दुर्घटना से बचाने के लिए मनाया जाता है जिसे जिले में 10 जनवरी 2016 से 16 जनवरी 2016 तक लगातार चलाया जायेगा. यातायात सप्ताह के अंतर्गत चौक चौराहों बजारा हाटों, स्कूल मे भी पुलिस छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों की जानकारी देंगे. निश्चित रूप से इन बच्चों को भी इसका लाभ होगा. अंत में यातायात नियमों का पालन सभी नागरिकों को करने एवं अपने बहुमुल्य जीवन सुरक्षित रखने कहां गया.

जिला कलेक्टर धनंजय देवांगन द्वारा अपने उद्बोधन में यातायात सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिन्न तरिके से आम नागरिकों को जागरूक किये जाने पर जिला पुलिस एवं यातायात पुलिस की सराहना करते हुए, बताया गया कि आय दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है, उसमें कुछ सुधार हुए है.

यातायात से सम्बंधित नियमों की जानकारी छात्रों तथा यातायात के जवानों के द्वारा यातायात दुर्घटना से सम्बंधित नाटक का आयोजन किया गया. तथा पुलिस अधीक्षक, जिला कलेक्टर, विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा हरी झण्डी दिखाकर यातायात नियमों का प्रचार प्रसार हेलमेट रैली निकाल कर नगर के विभिन्न मार्गों में भ्रमण कर ध्वनि विस्तारक यंत्र से किया गया एवं यातायात नियमों की जानकारी देकर पालन करने हेतु समझाईश दी गई.

### रेंगाबोड़, डबरी में मनाई बाबा की जयंती

महली. पण्डरिया ब्लॉक ग्राम रेंगाबोड़ एवं डबरी में सत्य के पुजारी संत गुरूघासीदास की जयंती मनाई गई. कार्यक्रम का शुभारंभ सत्य के प्रतीक जैतखाम की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया.

### 75 एकड़ में सरसों का प्रदर्शन



# सड़क सुरक्षा सप्ताह का आगाज

- एक महीना एक आदत अभियान को मूर्तरूप देने की पहल
- संस्थाओं में भी दी जाएगी यातायात नियमों की जानकारी
- यातायात सप्ताह का शुभारंभ

राजनांदगांव कार्यालय

**राजनांदगांव.** 10 जनवरी से 16 जनवरी के मध्य चलाए जाने वाले सड़क सुरक्षा सप्ताह का आगाज हो गया. शनिवार को यातायात कार्यालय में महापौर मधुसूदन यादव तथा पुलिस अधीक्षक सुंदरराज पी की उपस्थिति में यातायात सप्ताह का शुभारंभ किया गया. इस अवसर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने भी आम नागरिकों से नियमों का पालन करने की अपील की. पुलिस अधीक्षक सुंदरराज पी ने कहा कि एक महीना एक आदत अभियान के तहत इस अभियान को मूर्तरूप देने की कोशिश की जा रही है.

समाज के प्रमुख संस्थानों के सदस्यों द्वारा भी आम जनता की भागीदारी को सुनिश्चित करने तथा यातायात नियमों का पालन कराने के लिए हरसंभव समझाईश देने की कोशिश की जाएगी. शहर के विभिन्न समाजसेवी संस्था, शैक्षणिक संस्थाएं, चैम्बर ऑफ कामर्स, आटो, बस, ट्रक चालक संघ तथा अन्य सभी संस्थाओं द्वारा भी अभियान को क्रियान्वित कराया जाएगा. इस दौरान नगर निगम के सभापति शिव वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, प्रफुल्ल ठाकुर, यशपाल सिंह, उप पुलिस अधीक्षक सचिन देव शुक्ला, उपपुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रज्ञा मेश्राम, यातायात थाना प्रभारी सनद सोनवानी, विभिन्न समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधि, एनसीसी के छात्र-छात्राएं विशेष रूप से उपस्थित थे.

## आज वाद-विवाद प्रतियोगिता

यातायात सप्ताह के दूसरे दिन कल 11 जनवरी को यातायात शाखा परिसर में 11 बजे से वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा तथा एनसीसी एवं एनएसएस कैडेट्स द्वारा यातायात जागरूकता रैली निकाली जाएगी.



# हर माह एक नई आदत के साथ करेंगे ड्राइविंग

## सप्ताह के पहले दिन बताई सालभर की रणनीति



राजनांदगांव| मंचन के माध्यम से यातायात नियमों का महत्त्व बताते कलाकार।

भास्कर न्यूज़|राजनांदगांव

पहली बार सड़क सुरक्षा सप्ताह सात दिनों में नहीं सिमटेगा बल्कि सालभर इसकी कवायद चलेगी। पुलिस ने इसकी प्लानिंग की है। इसके तहत लोगों को हर माह एक नई आदत के साथ ड्राइविंग की सीख दी जाएगी। पूरा माह इसी पर केंद्रित होगा। साथ ही अगले माह एक और आदत डालने की समझाइश दी जाएगी। इस तरह ट्रैफिक में चलने वालों को सालभर में 12 नियमों का आदी बनाने कवायद शुरू होगी।

हर साल सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाने के बावजूद नियमों का पालन कराने का प्रयास होता है लेकिन परिणाम कुछ खास नहीं मिल पाता। पिछले साल सड़क दुर्घटना में 205 लोगों की मौत हुई। इतने ही लोग 2014 में भी सड़क हादसे में हादसे का शिकार हुए। शहर में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने एक महीना एक आदत अभियान शुरू किया जा रहा है। एक ओर जहां मंच पर जामुल से आए रंग मंच के कलाकारों ने लोक परलोक का मंचन कर बताया कि यातायात नियम का पालन करना कितना जरूरी है। दूसरी ओर स्कूली बच्चों ने रंगोली व पेंटिंग कला से नियमों को बताया। इस अवसर पर एसपी सुंदर राज पी, एएसपी शशिमोहन सिंह, निगम अध्यक्ष शिव वर्मा, दिग्विजय कॉलेज प्राचार्य आरएन सिंह व छात्र मौजूद रहे।

### बाजार में अब नहीं घुस सकेंगे चारपहिया वाहन

महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि यातायात व्यवस्था बनाएं रखने के लिए शहर के प्रमुख इलाके रामाधीन मार्ग, इमाम चौक, गुड़ाखू लाइन आदि इस पूरे क्षेत्र में चार पहिया वाहन सुबह 8 से रात 9 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा शहर के थोक बाजार को गंज मंडी के पीछे शिफ्ट कर 10 एकड़ जमीन में बसाया जाएगा।

# <u>नेताजी सुभा”ा चन्द्र बोस जयंती</u>



# बेंजो की धुन और गुदुम व दफड़ा की थाप से बोस को दी गई सलामी

राजनांदगांव| नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती में शामिल हुए अतिथि।

भास्कर न्यूज़|राजनांदगांव

मोतीपुर के वार्डवासियों ने सुभाषचंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई गई। एक ओर जहां एनसीसी के जवानों ने मार्च पास्ट किया। वहीं बेंजो की धुन और गुदुम व दफड़ा की थाम पर सारे जहां से अच्छा गीत की धुन के साथ वार्डवासियों ने नेता जी को सलामी दी। यहीं नहीं बोस की जयंती के अवसर पर वार्ड में श्रीमद् भागवत कथा का भी आयोजन किया गया है।

शनिवार को शोभा यात्रा निकाली गई। बालिकाओं ने कलश यात्रा निकाली। भगवान कृष्ण और राधा की प्रतिमा के साथ निकाली गई शोभायात्रा पूरे वार्ड का भ्रमण कर कथा स्थल पहुंची। धूमधाम से बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। वार्ड का भ्रमण कर शोभायात्रा वापस कथा स्थल पहुंची। जहां विधिविधान से पूजा की गई। सुभाष क्लब के तहत आयोजित जयंती के अवसर पर मुख्य रूप से समाज कल्याण विभाग मंत्री शोभा सोनी, महापौर मधुसूदन यादव ने बोस को सलामी दी। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष सावन वर्मा सहित पार्षद दीपक चौहान, धीरज घोड़ेसवार, किशुन यदु, सरस्वती वर्मा सहित वार्ड लोग उपस्थित रहे।

### देहली पब्लिक स्कूल के छात्रों ने निकाली रैली

राजनांदगांव| सुभाषचंद्र बोस के जन्म दिवस पर देहली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव ने शहर में युवा जागृति रैली का आयोजन किया। रैली की शुरूआत एएसपी शशि मोहन सिंह ने सुबह 9.30 बजे म्यूनिसिपल स्कूल मैदान से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली म्यूनिसपल स्कूल से निकलकर जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन, कामठी लाइन, रामाधीन मार्ग, गंज लाइन से होते हुए शिवनाथ पुष्प वाटिका में खत्म हुई। रैली का मुख्य उद्देश्य देश भक्तों के आदर्श चरित्र से लोगों को अवगत कराना और इसके साथ ही पर्यावरण सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं, नशा मुक्ति व आतंकवाद जैसे सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए युवा वर्ग को जागरूक किया गया। रैली में स्कूल के प्राचार्य डॉ पीआर वासुदेव राव, एएसपी शशि मोहन सिंह, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी, ललित भंसाली, प्रेरणा ओसवाल, रामदेव राठी, सुनील ओसवाल, सुनील अग्रवाल, सुनील गोलछा, ज्ञानचंद पारख मौजूद रहे।

नेताजी सुभा”ा चन्द्र बोस को महाविद्यालय में कैडेटों द्वारा सलामी दी गई।

# मतदाता दिवस







मतदाता दिवस के अवसर पर प्राचार्य द्वारा छात्र–छात्राओं को 'ापथ दिलाते हुए



मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को जागरूक करने का संकल्प

12-12-15

जागरूकता अभियान

# युवा दिवस





**श्री राजीव गॉधी जयंती के अवसर पर मेराथन दौड में सम्मिलित जिला अधिकारी, एन,सी,सी, अधिकारी, एवं कैडेट**

# वृक्षारोपण




वृक्षारोपण पखवाड़ा के अर्गगत कैडेटों ने मानव श्रंखला बनाई




नक्सली हमले में हुए ‘ाहीदों को श्रद्धाजली के रूप में गौरव पथ पर **पौधा रोपण करते हुए मेजर किरण दामले, कैप्टन पी डी सोनकर,** प्राध्यापकगण, **एवं कैडेट।**

# स्वच्छ भारत अभियान सप्ताह







स्वच्छ भारत अभियान सप्ताह के 'ाुभारंभ पर सांसद श्री मधुसूदन यादव के नेतृत्व में कैडेटों ने रैली निकाली






स्वच्छ भारत अभियान सप्ताह के अंतर्गत् कैडेटों ने ओवर ब्रिज के निचे सफाई की व दीवारों पर सफेदी लगाई



## रानीसागर को गोद लेंगे एनसीसी व एनएसएस कैडेट

- धरोहर को बचाने दिग्विजय कॉलेज के कैडेट आ रहे सामने
- गोद लेकर संरक्षण का उठाएंगे बीड़ा

राजनांदगांव @ पत्रिका
patrika.com/india

शहर के ऐतिहासिक धरोहर रानीसागर की सफाई व संरक्षण की जिम्मेदारी एनसीसी व एनएसएस के कैडेट लेने की तैयारी में है। दिग्विजय कॉलेज के पांच विंग इस रानीसागर को गोद लेने की तैयारी में हैं। इसकी औपचारिक घोषणा जल्द ही जा सकती है। गोद लेने के बाद कैडेट इसे व आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने के लिए नागरिगों के बीच जागरूकता अभियान चलाएंगे। गोद लेने के बाद तालाब की नियमित सफाई सहित इससे जुड़े अन्य कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरएन सिंह के नेतृत्व में कराया जाएगा। ज्ञात हो रानीसागर व बूढ़ासागर राजा राजाओं के जमाने से है। रानीसागर में आसपास के नागरिक निस्तारी करते हैं। यहां मछली पालन व बोटिंग की सुविधा भी शुरू की गई है। इस लिहाज से रानी सागर बेहद उपयोगी है। कॉलेज के एनसीसी व एनएसएस के अधिकारियों का कहना है कि बूढ़ासागर लगातार पटता जा रहा है। यहां आसपास के वार्डों का निस्तारी का पानी भी समा रहा है। ऐसे में रानीसागर का अस्तित्व भी खतरे में हैं। दिनों दिन अल्प वर्षा होने के कारण पानी की कमी व पानी में गंदगी पनप रहा है। इसे देखते हुए ही रानीसागर को गोद लेकर इसके अस्तित्व को बचाने के लिए पहल की जा रही है।

रानीसागर की स्थिति सुधारने का जिम्मा संभालेंगे अब कैडेट।

06/09/15 पत्रिका।

### विंगों को दी जाएगी जिम्मेदारी

कॉलेज के एनसीसी अधिकारी पीडी सोनकर ने बताया कि कॉलेज में तीन एनसीसी व दो एनएसएस के विंग हैं। एक विंग में 50 कैडेट हैं। इन कैडेटों के माध्यम से रानीसागर की संरक्षण व संवर्धन के लिए कार्य किया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग विंग को जिम्मेदारी दीं जाएगी। सप्ताह में एक दिन एक विंग की जिम्मेदारी होगी कि उसके अधिकारी व कैडेट तालाब में सफाई अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करें।

### निगम प्रशासन से भी ली जाएगी मदद

एनएसएस अधिकारी सुदेश पटेल ने बताया कि विंग प्रमुखों की जिम्मेदारी तय करने के अलावा निगम प्रशासन से भी मदद ली जाएगी। पानी का साफ रखने की कवायद की जाएगी। घाटों में नियमित सफाई के साथ लोगों को भी जागरूक किया जाएगा। स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ्य मष्तिष्क का विकास होता है। गंदा पानी स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। ऐसे में ये कारगर फैसला होगा। ऐसे भी एनसीसी व एनएसएस उद्देश्य जनसेवा व जनसरोकार के लिए कार्य करना है।

### गोद लेने के बाद प्रतिबद्धता से काम जरूरी

अच्छी पहल तो है। मुझे इसकी जानकारी दी गई है, लेकिन एनसीसी व एनएसएस के अधिकारियों की बैठक लेकर इस कमिटमेंट से संबंधित और चर्चा करने की जरूरत है। जल्दबाजी में फैसला लें यह उचित नहीं। गोद लेने के बाद जिम्मेदारी निभाने प्रतिबद्ध करने के बाद ही हामी दी जाएगी।

डॉ. आरएन सिंह, प्राचार्य दिग्विजय कॉलेज

श्रमदान



# रानीसागर तथा बूढ़ासागर के सौंदर्यीकरण के लिए विद्यार्थियों ने उठाया बीड़ा

नवभारत संवाददाता

राजनांदगांव. संस्कारधानी के ऐतिहासिक धरोहरों के रूप में शुमार होने वाले रानी सागर तथा बूढ़ासागर के सौंदर्यीकरण का जिम्मा विद्यार्थियों ने उठा लिया है. सप्ताह में एक दिन श्रमदान कर सरोवर की साफ-सफाई की जा रही है, जिसका शुभारंभ मंगलवार को किया गया. इस दौरान विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए महापौर मधुसूदन यादव भी पहुंचे. संस्था के प्राध्यापकों की देखरेख में तालाब की साफ-सफाई कराई गई.

ज्ञात हो कि नांदगांव जिले में बूढ़ासागर तथा रानीसागर ऐतिहासिक सरोवर हैं, जिसका पानी अभी भी शुद्ध नहीं हो पाया है. अधिकांश वार्डों के नालियों का पानी सरोवर में आने से दोनों तालाब का पानी दूषित होने लगा है. यहां तक कि तालाब के किनारों में भारी गंदगी नजर आ रही है. शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय से लगे बूढ़ासागर तथा रानी सागर के एक किनारे पर अत्यधिक गंदगी होने से आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की भी परेशानियां बढ़ी है, वहीं आवागमन करने वालों को भी बदबू का सामना करना पड़ रहा है. ऐतिहासिक रानी सागर तथा बूढ़ासागर से गंदगी को हटाने के लिए अब महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कमर कस ली है. एक साल तक सफाई करने का संकल्प लिया गया है, जिसकी शुरूआत आज से की गई. एनसीसी तथा एनएस के विद्यार्थियों के साथ-साथ महाविद्यालय में अध्ययनरत् अन्य विद्यार्थियों ने भी श्रमदान कर रानी सागर की साफ-सफाई की.

- सप्ताह में एक दिन कर रहे श्रमदान
- एनसीसी तथा एनएस के विद्यार्थियों ने रानी सागर से निकाली गंदगी

नवभारत 9/9/2015

# शहर को स्वच्छ रखने दिए सुझाव, संकल्प भी लिया

- एनसीसी, एनएसएस, स्काउट व एमएसडब्लू के छात्र स्वच्छता अभियान मे अहम भूमिका निभाएंगे

राजनांदगांव @ पत्रिका

patrika.com/city

स्वच्छ भारत मिशन के तहत 25 सितम्बर से लेकर 2 अक्टूबर तक स्वच्छता सप्ताह मनाया जाना है। इसी परिपेक्ष्य में महापौर मधुसूदन यादव ने आडिटोरियम परिसर में बुधवार को 10 बजे से एनसीसी, एनएसएस, स्काउट व एमएसडब्लू के छात्रों की बैठक लेकर शहर को स्वच्छ बनाने के लिए सुझाव आमंत्रित कर रूपरेखा तैयार की गई।



ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता की शपथ ली गई।

## दल नायकों व शिक्षकों का सम्मान

दल नायकों व प्रभारी शिक्षकों का स्वागत महापौर सहित निगम अध्यक्ष शिव वर्मा व पार्षदों के द्वारा किया गया। बैठक को निगम अध्यक्ष, प्रभारी आयुक्त संजय अग्रवाल, दिग्विजय महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के सदस्य किशुन यदु व विजय मानिकपुरी ने भी संबोधित करते हुए अपने सुझाव प्रस्तुत किए। शहर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए शपथ ली गई।

### सुंदरता पर चार चांद लग जाएगा

महापौर यादव ने कहा कि एनसीसी, एनएसएस, स्काउट व एमएसडब्लू के छात्रों की नगर में एक विशाल टीम है। जो किसी कार्य को करने का निर्णय कर ले तो उसे कार्य को अंजाम तक पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता। यदि यहां बैठे छात्रों का जन समूह नगर के हृदय स्थल दिग्विजय महाविद्यालय, त्रिवेणी परिसर, रानीसागर, बूढ़ासागर, पुष्पवाटिका, चौपाटी होते हुए गौरव पथ को स्वच्छ रखने के लिए दृढ़ निश्चिय कर ले तो इन स्थलों की सुंदरता पर चार चांद लग जाएगा। छात्रों ने ताली बजाकर सहमति प्रदान की।

कथा श्रवण

राजनांदगांव

मेयर ने छात्रों के साथ तैयार की रूपरेखा

# स्वच्छता की ली शपथ



छात्र दृढ़ निश्चय कर लें तो सुंदरता पर चार चांद लग जाएगा

पेज 11 का शेष

बच्चों को अच्छी शिक्ष

14

# घर-घर जाकर सर्वे करने कहा

## शौचालय निर्माण के लिए निगम का अभियान



सोमवार को महापौर के नेतृत्व में निकाली गई रैली।

भास्कर न्यूज़ | राजनांदगांव

स्वच्छ भारत मिशन सप्ताह के क्रियान्वयन को लेकर नगर निगम के अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के वार्ड प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई।। बैठक में महापौर मधुसूदन यादव ने स्वच्छ भारत मिशन सप्ताह के तहत निजी शौचालय निर्माण हेतु डोर-टू-डोर सर्वे कर आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि हर घर शौचालय निर्माण की कड़ी में निगम आयुक्त द्वारा जोन गठित कर उप अभियंताओं व वार्ड प्रभारियों को सर्वे का कार्य सौंपा गया था, जिनके द्वारा सर्वे कर आवेदन प्राप्त किया जा रहा है।

महापौर यादव ने गठित जोन के उप अभियंताओं, वार्ड प्रभारियों से स्वच्छ भारत मिशन सप्ताह के निर्देश के तहत डोर टू डोर सर्वेक्षण कर हितग्राहियों का चिन्हांकन कर आवेदन एकत्र किए जाने की बात

Copied to clipboard

हितग्राहियों को शौचालय निर्माण हेतु स्वीकृति पत्र दिया जा सके। उन्होंने कहा कि अभियान की कड़ी में जीई रोड के किनारे के नाला जो लम्बे समय से सफाई नहीं हुए है, की सफाई विशेष गैंग लगाकर कराया जाना है। साथ ही शहर के सभी बड़े नालों की सफाई विशेष गैंग लगाकर कराये जाने के निर्देश दिए। ताकि बरसात में पानी भराव की स्थिति

बलवंत साव, देवशरण सेन, मनोज लोढ़ा, सुनील साहू, मुकेश ध्रुव, सहायक अभियंता जयनारायण श्रीवास्तव व कामना यादव, सहित उप अभियंता व वार्ड प्रभारी उपस्थित थे।

### भरकापारा तालाब की सफाई 8 को

उन्होंने शहर के तालाबों की सफाई वार्डों में सफाई के पश्चात 12 बजे के बाद से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तालाबों की सफाई जन सहयोग से कराएं, इसमें वार्ड के नागरिकों, महिला समूहों, समाजसेवियों को जोड़ा जाए। सफाई के तहत झाड़ियां काटकर कचरा उठाया जाए। महापौर यादव ने तालाब सफाई की कड़ी में भरकापारा के इंदिरा सरोवर की विशेष सफाई 8 मई को सुबह 7:30 बजे से कराने कहा। इसमें सभी जनप्रतिनिधि, वार्डवासी, महिला समूह, स्वयंसेवी संगठन से सहयोग लेने अपील करने कहा।

पंचम पुण्यतिथि

# स्वच्छ भारत मिशन, निकली रैली



राजनांदगांव. भारत सरकार द्वारा शहरों में पूर्ण स्वच्छता एवं शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने शहरों में स्वच्छ भारत मिशन के क्रियान्वयन के निर्देश दिये गये थे. इसी कड़ी में भारत सरकार द्वारा 4 मई से 8 मई तक स्व छ भारत मिशन सप्ताह आयोजित किये जाने के निर्देश प्राप्त हुये है. जिसे सफल बनाने मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह एवं स्वास्थ्य व नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अमर अग्रवाल के निर्देशन पर नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा दिशा निर्देश जारी किये गये है.

उक्त दिशा निर्देश के अनुक्रम में स्वच्छ भारत मिशन सप्ताह के अंतर्गत आज 4 मई को नगर निगम द्वारा महापौर मधुसूदन यादव की उपस्थिति में स्व छता रैली, विशेष सफाई अभियान एवं बैठक आयोजित की गयी. रैली प्रातः 7:30 बजे महापौर मधुसूदन यादव के अगवानी में निगम आयुक्त टी.के.वर्मा, निगम अध्यक्ष शिव वर्मा के अलावा पार्षदों, नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों, साई हास्टल के विद्यार्थियों दिग्विजय महाविद्यालय, सर्वेश्वरदास स्कूल व ठा.प्यारेलाल स्कूल के एनसीसी के विद्यार्थियों द्वारा ठा.प्यारेलाल स्कूल के सामने से प्रारंभ हुयी. जो शहर के प्रमुख मार्गों जीई रोड, गुरूनानक चौक, मानव मंदिर चौक, जय स्तम्भ चौक, जुनीहटरी, गुड़ाखू लाईन, कामठी लाईन, दिल्ली दरवाजा होते हुये टाका पर में समाप्त हुयी. रैली में हर घर शौचालय घर घर शौचालय, बेटी बचाव शौचालय बनाव आदि के नारे लगाये गये. इसके अलावा डा.प्यारेलाल स्कूल के सामने नाला की सफाई एवं वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाया गया. रैली में महापौर, अध्यक्ष, आयुक्त के अलावा महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण बलवंत साव, देवशरण सेन, मनोज लोढ़ा, सुनील साहू, मुकेश ध्रुव, पार्षद टोकेश्वर ध्रुव, सूरज नायक, देवेश देवांगन, कुलभूषण पाण्डे, विनय झा, श्रीमती जमुना साहू, शरद सिन्हा, पुरषोत्तम पटेल, हेमंत यादव, पार्षद प्रतिनिधि पंकज गुप्ता तथा सहायक अभियंता जयनारायण श्रीवास्तव, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी अजय यादव, साई हास्टल के आर.राव, प्रचार्य एम.एस.राजपूत, शिक्षा सचिव संजीव मिश्रा, एनसीसी अधिकारी जी.डी.वैष्णव सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी, साई हास्टल के विद्यार्थी व एनसीसी केडेट उपस्थित थे.

# स्वच्छता के संदेशों की चित्रकारी

- स्वच्छता पखवाड़े के समापन पर फ्लाई ओवर के नीचे सफाईगीरी
- सांसद, महापौर के साथ आम लोगों ने भी लगाए झाड़ू

**राजनांदगांव (ब्यूरो)।** निर्माण के बाद से बेरंग और गंदगी से पटे रहने वाला फ्लाईओवर का निचला हिस्सा अब स्वच्छता के संदेशों से भर गया है। जिला व नगर निगम प्रशासन के संयुक्त प्रयास से वहां के हर पिलरों पर स्वच्छता की चित्रकारी नजर आ रही है। हर चित्र में लोगों को सफाई को लेकर जागरूक करने वाले संदेश हैं। जनसहयोग और श्रमदान से वहां का पूरा नजारा ही बदल गया है। दिनभर चली इस मुहिम में सांसद अभिषेक सिंह और महापौर मधुसूदन यादव के साथ तमाम आला अफसर भी सहभागी बने। कांग्रेस ने अभियान का बहिष्कार किया।

### अफसरों ने भी लगाए झाड़ू



गांधी जयंती पर महाभियान से जुड़कर प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारियों ने भी हाथों में झाड़ू लेकर शहर की सफाई मे हाथ बटाया। इस मौके पर कलेक्टर मुकेश बंसल, एसपी सुंदरराज पी., एएसपी शशिमोहन सिंह, अपर कलेक्टर एमडी तिगाला, एडीएम संजय अग्रवाल, एसडीएम बीएल गजपाल, आरआई एमएस चंद्रा ने भी हाथ बटाए। भाजयुमो अध्यक्ष सौरभ कोठारी के अनुसार कुल 42 संस्थाओं ने सहभागिता की। छोटे-छोटे सहयोग से शहर में बड़ा काम हो गया।



राजनांदगांव। पिलरों पर आकर्षक चित्रकारी की गई है। उनमें स्वच्छता को लेकर संदेश भी लिखे गए हैं।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर शुक्रवार को फ्लाईओवर के नीचे स्वच्छता के लिए महाभियान चलाया गया। इसमें संस्कारधानी के सभी वर्ग के लोगों ने हाथ बंटाया। सांसद और महापौर के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा आम लोगों व प्रशासनिक अधिकारियों ने भी झाड़ू लगाकर स्वच्छता संदेश दिया। शहर के गुरूनानक चौक से पोस्ट आफिस चौक तक फ्लाईओवर के नीचे सफाई की गई। साथ ही पिल्लरों में भी स्वच्छता के संदेश को लेकर खैरागढ़ इंदिरा कला संगीत विवि के छात्रों ने आकर्षक चित्रकारी भी की है, जो लोगों में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### सांसद व महापौर ने की सफाई

महाभियान की शुरुआत सुबह करीब साढ़े 5 बजे से की गई। इस मौके पर सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, निगम अध्यक्ष शिव वर्मा, पूर्व महापौर शोभा सोनी, खूबचंद पारख, जिला भाजपा अध्यक्ष भरत वर्मा, सचिन बघेल, संतोष अग्रवाल, कोमल राजपूत, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सौरभ कोठारी सहित अन्य नेताओं ने भी झाड़ू लेकर शहर की सफाई में हाथ बढ़ाया। सांसद श्री सिंह व महापौर सहित अन्य नेताओं ने भी फ्लाई ओवर के पिल्लरों की पोताई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

### संस्था-संगठनों भी हुए शामिल

स्वच्छता को लेकर शहर के सामाजिक संस्था-संगठन व जैन व सिख सहित अन्य कई समाज के लोगों ने भी महाभियान में हिस्सा लिया। व्यापारी, शैक्षणिक संस्था स्कूल व कालेज के छात्र-छात्राओं के साथ एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड के बच्चों ने भी शहर के सर्विस रोड और फ्लाईओवर के नीचे की सफाई की। स्कूली बच्चों ने भी फ्लाईओवर के पिल्लरों में स्वच्छता संदेश को लेकर चित्रकारी की है।

### स्वच्छता के रंगों में रंगा फ्लाईओवर

निर्माण के बाद से अब तक बदसूरत नजर आने वाला फ्लाईओवर इस महाभियान के दौरान स्वच्छता के रंगों में रंग गया है। पिल्लरों में स्वच्छता के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व प्रधानमंत्री के चित्रों के साथ सफाई के कई स्लोगन लिखे हैं। चित्रकारी करने खैरागढ़ विवि से करीब 25 छात्र कलाकार पहुंचे थे। छात्र कलाकारों ने अपने कला से पिल्लरों को कई रंगों में रंगकर फ्लाईओवर की रौनक बढ़ा दी है।

उल्लेखनीय है कि करीब 5 साल पहले तैयार हुआ फ्लाईओवर आज तक बेरंग था। न निर्माण कंपनी ने रंग-रोगन किया और न प्रशासन ने कभी कोई पहल की। अब जाकर उसकी सुंदरता नजर आ रही है।

### भावनाओं का सम्मान भी करे प्रशासन : कांग्रेस



स्वच्छता अभियान की सार्थकता पर कांग्रेस ने सवाल उठाया है। कांग्रेस की ओर से जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के प्रभारी महामंत्री गौतम सांखला, पीसीसी सदस्य कुलबीर सिंह छाबड़ा और प्रवक्ता रूपेश दुबे ने संयुक्त बयान में कहा है कि फ्लाईओवर के नीचे पिलरों की रौनकता लाने में सहयोग करने वाली संस्थाओं और इकस विवि के छात्रों की भावनाओं का प्रशासन को सम्मान करना होगा। आज जैसी स्वच्छता हमेशा बनी रहे, इसके लिए प्रशासन को हमेशा प्रयासरत रहना होगा। तभी महाभियान का औचित्य रह पाएगा। नेताओं ने प्रशासन को याद दिलाया कि जन सहयोग से ही मोहारा में शिवनाथ नदी और शहर मे ऐतिहासिक बूढ़ासागर तालाब के संरक्षण को लेकर जोर-शोर से अभियान चलाया गया था, लेकिन आज दोनों जगह स्थिति पहले से बदतर हो चुकी है। उन्होंने आशंका जताई कि कहीं फ्लाईओवर के नीचे भी प्रशासन और सत्ताधारियों की उदासीनता गंदगी के रूप में नजर न आए। सामाजिक संस्थाओं और कलाकारों की मेहनत को सरंक्षित कर प्रशासन सुरक्षा प्रदान करे। ताकि बेहतरीन पेंटिंग अतिक्रमण के चलते खराब न हो और गंदगी का साम्राज्य पुन: स्थापित न हो सके।

# एन.सी.सी. स्थापना दिवस



एन.सी.सी. परेड में सलामी देते हुए केडेट



निबंध लेखन में भाग लेते कैडेट



र, 30 नवंबर 2015
vabharat.org

राजनांदगांव-जिला

बार्डर पर युद्ध जैसा रहा नजारा

## एनसीसी दिवस पर विविध आयोजन

नवभारत संवाददाता

राजनांदगांव. शहर की समस्त एनसीसी यूनिट द्वारा संयुक्त रूप से 29 नवंबर को एनसीसी दिवस समारोह उगास पूर्वक मनाया गया. इस समारोह में सीनियर डिवीजन से दिग्विजय महाविद्यालय के आर्मी पूर्व नेवी कैप्टन, कमलादेवी महाविद्यालय के आर्मी कैडेट, स्टेट हाई स्कूल, सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम स्कूल एवं डा. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल के कैडेट सम्मिलित हुए. आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव थे. ध्वजारोहण उपरांत परेड निरीक्षण किया गया.

कैडेटों को मुख्य अतिथि द्वारा एनसीसी की शपथ दिलाई गई. प्राचार्य शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय डा. आरएन सिंग द्वारा एनसीसी दिवस पर राष्ट्रपति से प्राप्त संदेश वाचन किया गया. वर्षभर की एनसीसी गतिविधि एवं उपलब्धियों का प्रतिवेदन स्टेट हाई स्कूल के एनसीसी ऑफिसर सुशील भागवत ने पढ़ा. तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने कैडेटों को संबोधित करते हुए नये बटालियन हेतु शहर में उचित स्थान एवं भवन दिलाने का आश्वासन देते हुए एनसीसी को व्यक्ति के व्यक्तित्व निखार एवं अ छे नागरिक बनाने की बात कही और कैडेटों को इसी उत्साह के साथ अपने जीवन में आगे बढ़ने कार आशीर्वाद दिया. परेड प्रस्थान उपरांत कैडेटों में प्रतिस्पर्धाएं करायी गयी. जिसमें स्लो सायकिल रेस करायी गयी. जिसमें प्रथम स्थान गोविंद राम नेवी दिग्विजय महाविद्यालय, द्वितीय स्थान लोकेश वर्मा न.पा.नि. स्कूल को, स्पून रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर योति साहू न.पा.नि. स्कूल, द्वितीय स्थान प्रियंका डेनियल न.पा.नि. स्कूल को प्राप्त हुआ. जूनियर कैडेट में ड्रेस चेंजिंग प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रथम राहुल भीमटे, द्वितीय शुभम भोईर न.पा.नि. को प्राप्त हुआ.

प्रतियोगिता उपरांत एनसीसी कैडेट संदीप कोल्हाटकर के निर्देशन में कराटे मार्शल आर्ट का प्रदर्शन उगेखनीय रहा. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सीनियर कैडेटों एवं पूर्व केडेटों द्वारा सेक्शन बेटल ड्रील द्वारा सेक्शन अटैक कराया गया. जेडब्ल्यू कैडेटों द्वारा आकर्षक समूह नृत्य प्रदर्शित किया गया. तद्उपरांत पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि एवं उपस्थित वरिष्ठजनों द्वारा किया गया. जिसमें परेड कमांडर, सीनियर अंडर ऑफिसर जितेन्द्र साहू, परेड ट्राअईसी का पुरस्कार कैडेट कैप्टन प्रशांत तिवारी, दिग्विजय महाविद्यालय के प्लाटून कमांडर हेमंत कुमार, गर्ल्स प्लाटून कमांडर अंजली यादव, लेवल सीनियर डिविजन के कमांडर चेमन कुमार, स्टेट हाई स्कूल से राहुल देवांगन, न.पा.नि. स्कूल से अरविंद देवांगन एवं मेघा शर्मा, बल्देवबाग प्रसाद मिश्र से प्रियंका गायकवाड़, विजय देवांगन को पुरस्कृत किया गया. साथ ही पायलेट मनदीप सिंह, ओमप्रकाश साहू, अजय मारकंडे तथा चंद्रप्रकाश साहू को पुरस्कृत किया गया. पूरे परेड को व्यवस्थित एवं जोशीले मार्च पास्ट के प्रदर्शन में पुलिस बैंड की अहम भूमिका रही है. इस हेतु बैंड कमांडर हवलदार रामदास सरगे एवं साथी को पुरस्कृत किया गया.

# राजनांदगांव भास्कर

अंबागढ़ चौकी ▪ खैरागढ़ ▪ डोंगरगांव | डोंगरगढ़ ▪ छुरिया ▪ मानपुर | मार्ग शीर्ष कृष्ण पक्ष-5, 2072

## अनुशासन, आत्मरक्षा और आक्रमण के गुर सीखे, फिर उसे कर दिखाया

राजनांदगांव. स्टेट स्कूल में रविवार को एनसीसी डे का आयोजन किया गया। कैडेटों ने जहां युद्ध का प्रदर्शन किया वहीं स्पून रेस, कराते और पारंपरिक नृत्य के माध्यम से दर्शकों को लुभाया।



स्टेट स्कूल में इस तरह बैटल ड्रील का प्रदर्शन किया गया।



[illegible]

सामूहिक नृत्य ने मन मोह लिया



[illegible]

---

राजनांदगांव, सोमवार 30.11.2015 | पत्रिका | जिला-राजनांदगांव | पत्रिका | patrika.com | 14

## एनसीसी डे पर कैडेटों में दिखा जोश, जज्बा व अनुशासन

### ▪ दुश्मन के चक्रव्यूह को तोड़ने का शानदार अभ्यास

राजनांदगांव @ पत्रिका

patrika.com/city

स्टेट स्कूल मैदान पर आसपास रहवासी व राहगीर रविवार सुबह अचानक एक के बाद एक हुए धमाके और गोलीबारी से कुछ देर के लिए सकपका गए। स्टेट स्कूल प्रांगण में युद्ध मैदान जैसा नजारा देख सुबह की रफ्तार थम गई। ऐसा लग रहा था मानो सच में जंग छिड़ गई हो, और जवान दुश्मनों से लोहा ले रहे हों, लेकिन यह एनसीसी-डे पर कैडेटों द्वारा किया जा रहा युद्ध अभ्यास का नजारा था। इसे बेटल ड्रील या क्षद्म युद्ध भी कहा जाता है। स्कूल-कॉलेज के समस्त एनसीसी यूनिट ने संयुक्त रूप से एनसीसी डे मनाया। दिग्विजय महाविद्यालय के आर्मी पूर्व नेवी कैप्टन, कमलादेवी कॉलेज के आर्मी कैडेट, स्टेट स्कूल, सर्वेश्वर दास नगर पालिक स्कूल व डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल के कैडेट शामिल हुए। मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव थे।

### आत्मरक्षा के गुर सीखे प्रदर्शन भी किया

दिग्विजय कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरएन सिंग ने एनसीसी दिवस पर राष्ट्रपति के संदेश का वाचन किया गया। वर्षभर की एनसीसी गतिविधि व उपलब्धियों का प्रतिवेदन एनसीसी ऑफिसर सुशील भागवत ने पढ़ा। मुख्य अतिथि ने नए बटालियन के लिए शहर में उचित स्थान व भवन दिलाने का आश्वासन दिया। कैडेटों में प्रतिस्पर्धाएं भी कराई गई। स्लो सायकिल रेस, स्पून रेस, ड्रेस चेंजिग सहित अन्य खेल व कला का प्रतिभा भी दिखाया गया। स्पर्धा के बाद पूर्व एनसीसी कैडेट संदीप कोल्हाटकर के निर्देशन में कराटे मार्शल आर्ट का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। बालिका कैडेटों ने आत्मरक्षा के बारे में बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। एनसीसी बटालियन से सुबेदार एके मिंज व हवलदार बलबीर सिंग उपस्थित रहे। राष्ट्रीय कबड्डी शिविर नई दिल्ली में शामिल कैडेट लेखराम यादव व एनसीसी ग्रुप में कोमल श्रीवास को पुरस्कृत किया गया।

### मैदान पर ऐसा था नजारा

1. कैडेटों ने छद्म युद्ध के माध्यम से दुश्मन के बनाए गए चक्रव्यूह को भेदने का अभ्यास किया।
2. साइकिल रेस की स्पर्धा हुई।
3. महापौर यादव, प्राचार्य सिंग व अन्य उपस्थित रहे।
4. कराते का प्रदर्शन किया।
5. छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति दी। दर्शकों ने कार्यक्रम को खूब सराहा।

1



2



3



4



5



नकसान | नापतौल विभाग बाजार में तौल-बांट की जांच ही नहीं कर रहा

# षहीद लेफटिनेंट अरविंद दिक्षित – षहादत दिवस






‘षहीद लेफटिनेंट अरविंद दिक्षित को सलामी देते कैडेट

## 37 छ.ग. बटालियन एन.सी.सी. दुर्ग में ए.एन.ओ वार्िक प्रषिक्षण कांफरेंस



# महिला सषक्तिकरण

महिला सुरक्षा, उत्पीड़न एवं निवारण संकल्प पर महाविद्यालय में आगमन





महिला पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, उत्पीड़न एवं निवारण संकल्प पर रैली द्वारा महाविद्यालय में आगमन



पुलिस की पहल | महिला सुरक्षा, उत्पीड़न और निवारण के लिए महिला पुलिस कॉलेज से लेकर स्कूली छात्राओं तक पहुंचे

## सुरक्षा का भरोसा दिलाने निकाली बाइक रैली

भास्कर न्यूज|राजनांदगांव

महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा को लेकर बुधवार को महिला पुलिस ने बाइक रैली निकाली। रैली सभी शिक्षण संस्थाओं में घूमी। वहां स्कूल व कॉलेज के छात्राओं को अपने होने का भरोसा दिलाया। उन्हें महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानून की जानकारी दी।

छात्राओं को बदमाशों से निपटने और महिला उत्पीड़न जैसे अपराधों को रोकने के उपाय बताए और आगे आने के लिए प्रेरित किया। महिला पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को भरोसा दिलाए कि वे उनके साथ है। इस प्रकार की समस्याओं को झेलने की जरूरत नहीं वे आगे आए और अपनी समस्या पुलिस को बताए। पुलिस उनकी पूरी मदद करेंगी।

उनका नाम कभी सामने नहीं आएगा। महिला पुलिस अधिकारियों की बातों से छात्राओं को पुलिस पर भरोसा हुआ तो उन्होंने अपनी समस्याएं बतानी शुरू कर दी। छात्राओं ने कॉलेज में सभी एसपी से लेकर डीएसपी सभी अधिकारी के सामने बताया कि जब वे कॉलेज आती है तो रास्ते में कविता कॉम्प्लेक्स के पास कुछ बदमाश उन्हें परेशान करते हैं। ऐसा ही वेल्डिंग दुकान के पास भी होता है। ऐसे ही कई शिकायते कमला कॉलेज की छात्राओं ने की। पुलिस ने उन्हें फिर भरोसा दिलाया और दुबारा इस मार्ग पर परेशानी नहीं होने का आश्वासन भी दिया।

बाइक रैली की शुरुआत वेसलियन स्कूल से हुई। एएसपी शशिमोहन ने रैली को हरा झंडा दिखाया। रैली के शुभारंभ होने के पहले पुलिस प्रशासन का पूरा अमला स्कूल की बच्चियों से मुलाकात किए। उन्हें यातायात के नियम बनाए। रैली वेसलियन स्कूल से से होते हुए कमला कॉलेज पहुंची जहां रैली का समापन हुआ। पुलिस प्रशासन के सभी अधिकारी सहित 40 महिला पुलिस अधिकारी और कॉलेज प्राचार्य राजेश पाण्डेय सहित सभी प्राध्यापक, कर्मचारी और छात्राएं उपस्थित रहे।

राजनांदगांव। बाइक रैली निकालती महिला पुलिस।

### कोई परेशानी हो तो 1091 पर करें कॉल

कमला कॉलेज में एसपी सुन्दरराज पी ने छात्राओं को कहा कि उन्हें कभी भी इस प्रकार की परेशानी होती है या फिर वे कहीं किसी के साथ छेड़छाड़ जैसे घटना देखती भी है तो टोल फ्री नंबर 1091 पर फोन करके शिकायत करें या फिर 220291 में पर भी शिकायत कर सकते हैं। उनकी पहचान पूरी तरह गुप्त रहेगी। महिलाओं और लड़कियों को इस नंबर पर तत्काल मदद मिलेगी।




एस.पी. श्री पी. सुन्दराजन  के द्वारा छात्रों को न्याय सम्बन्धि जानकारी दी।

# संविधान दिवस




संविधान दिवस के अवसर पर ‘ापथ दिलाते प्राचार्य डॉ आर एन सिहं





संविधान दिवस के अवसर पर एन सी सी अधिकारी, कैडेट क्लब के सदस्य एवं कैडेट ‘ापथ लेते हुए

# वार्शिक भापथ ग्रहण समारोह




वार्शिक भापथ ग्रहण समारोह में पायलेटिंग करते एवं शपथ लेते कैडेट

<u>योगा दिवस</u>



दैनिक दावा

# एनसीसी कैडेट कराएंगे योग

राजनांदगांव। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को प्रात: 7 से 7.30 बजे दिग्विजय कालेज में समस्त एनएनसी कैडेटों द्वारा योग दिवस का आयोजन किया गया है। जिसमें कैडेट क्लब पूर्व एनसीसी कैडेट तथा सभी संस्था के नए के एनसीसी कैडेट मिलकर एक साथ योग करवाएंगे।



18 | नईदुनिया

रायपुर, सोमवार 22 जून 2015

दिग्विजय कॉलेज परिसर में योग़ दिवस।



देशबन्धु

प्रादेशिकी

दुर्ग-भिलाई-बालोद-कवर्धा-बेमेतरा-राजनांदगांव

# योग दिवस पर एनसीसी कैडेट्स-स्टॉफ की भागीदारी

राजनांदगांव। अंतर राष्ट्रीय योग दिवस के प्रथम गौरवशाली प्रसंग पर शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भव्य योगाभ्यास किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप प्रात: 7 से 7:35 बजे तक महाविद्यालय प्रांगण में बड़ी संख्या में उपस्थित एनसीसी कैडेट तथा संपूर्ण स्टॉफने योग किया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। प्रारंभ में प्राचार्य डा. आरएन सिंह ने आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामजी भारती, समाजसेवी सुरेश एच.लाल तथा यशवंत जंघेल विशेष रूप से उपस्थित थे। संगीत की कर्णप्रिय धुन के मध्य प्रशिक्षक रामशरण वैष्णव ने सभी योग आसन संपन्न कराये। महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. चंद्रकुमार जैन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि एनसीसी अधिकारी प्रो.पीडी सोनकर, एनएसएस अधिकारी डॉ. केके देवांगन, डा. अनिल मंडावी, प्रो.सुरेश पटेल, यूथ रेडक्रास अधिकारी डा. एचएस भाटिया, क्रीड़ा अधिकारी बीएसभाटिया, एनसीसी अधिकारी, जीडी वैष्णव, सुनील भागवत एवं कैडेट्स क्लब के अध्यक्ष अमित चन्द्रवंशी के कुशल मार्गदर्शन व विशेष सहयोग से करीब 200 महाविद्यालयीन तथा विद्यालयीन एनसीसी कैडेट्स ने योग किया। महाविद्यालय प्राध्यापक, स्टॉफ तथा गणमान्य जन सहित, दिग्विजय कॉलेज परिसर में लगभग 300 लोगों ने योग दिवस के उत्साहपूर्ण भागीदारी कर आयोजन को स्मरणीय बनाया। डा. जैन ने आगे बताया कि योग दिवस के आयोजन में सहभागिता के लिए महाविद्यालय के स्वयं सेवकों तथा पूरे स्टॉफ ने सप्ताह भर लगनशील अभ्यास क्रम जारी रखा। विश्व योग दिवस पर महाविद्यालय में सूर्योदय के साथ ही उत्साह का वातावरण देखा गया। सभी सहभागियों ने सामान्य अभ्यास क्रम (प्रोटोकाल) के अनुसार सभी आसन सफलता पूर्वक किए। आरंभ में प्रार्थना तथा अंत में समन्वय सामन्जस्य, सद्भावना के संकल्प के साथ कार्यक्रम प्रसन्नता पूर्वक संपन्न हुआ। प्राचार्य डॉ. आरएन सिंह ने सबकी सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया।



शिविर 37 छत्तीसगढ़ एनसीसी बटालियन ने केंद्रीय विद्यालय में दस दिवसीय योगा का किया आयोजन

# 498 कैडेट्स ने एक साथ सीखा योगा

सिटी रिपोर्टर | दुर्ग

37 छत्तीसगढ़ एनसीसी बटालियन द्वारा केंद्रीय विद्यालय में आयोजित दस दिवसीय एनसीसी कैम्प के दूसरे दिन शनिवार को कैडेट्स को योगा अभ्यास, ड्रील और एनसीसी प्रशासनिक संगठन जैसे महत्वपूर्ण विषयों से परिचित कराया गया। कैंप में जिले के स्कूलों और कॉलेजों के 498 कैडेट्सों ने सीखा एक साथ योगा।

इस अवसर पर कैम्प का उद्घाटन करते हुए कैम्प कमांडेंट कर्नल यूके पंत ने कहा कि केम्प अवधि में सैन्य शिक्षा व प्रशिक्षण और सीमित संसाधनों व अल्प समय में कार्यों को सही ढंग से करने की कला सिखाई जाती है। इसलिए यह प्रशिक्षण आपके जीवन में कैरियर निर्माण में बेहतर साबित होगा। इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाकर अपने कैरियर का अच्छे ढंग से निर्माण करें। इसी क्रम में डिप्टी केम्प कमांडेंट कर्नल एसएल बघेल ने सैन्य शिक्षा व प्रशिक्षण संबंधी जानकारी प्रदान की। फर्स्ट अफसर राजेंद्र दुबे ने बताया कि प्रशिक्षण को सुचारू रूप से संचालित करने पूरे कैम्प को चार कंपनी में विभाजित किया गया है और प्रत्येक कम्पनी कमांडर की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि शनिवार को कैंप का दूसरा दिन था। जिसकी शुरुआत सुबह सभी केडेटस को योगा का अभ्यास करा कर की गई। इसके बाद नाश्ते के लिए ब्रेक हुआ। जिसके बाद एनसीसी पाठ्यक्रम के तहत ड्रील में सावधान, विश्राम और खड़े खड़े मुड़ने का तरीका कैडेट्स को सिखाया गया। इसी क्रम में एनसीसी प्रशासनिक ढांचा के संबंध में जानकारी मेजर किरण दामले, चीफ अफसर आलोक तिवारी, फर्स्ट अफसर अरविंद सिंह ने दी।

केंद्रीय विद्यालय में योगा सीख रहे कैडेट्स

केंद्रीय विद्यालय में चल रहे दस दिवसीय योगा शिविर में जिले के स्कूल व कॉलेज के बच्चों ने भाग लि

## राष्टोय एकता ि"ाविर




राष्टोय एकता ि"ाविर बापटला आंध्र प्रदे"ा में महाविद्यालय के कैडेटों ने समूह नृत्य में प्रथम स्थान एवं एन. आई.ई.पी. में द्वीतिय स्थान प्राप्त किया

## वार्ि"क प्रि"ाक्षण ि"ाविर



राजनांदगांव आसपास @SUNDAY

# पीएम रैली से लौटे कैडेट्स का सम्मान

भिलाई @ पत्रिका
patrika.com/city

गणतंत्र दिवस परेड कैंप में शामिल होकर लौटे 37 बटालियन के पांच कैडेट्स का कमांडेंट कर्नल यूके पंत ने सम्मान किया। करीब डेढ़ महीने बाद लौटे इन कैडेट्स को राज्यपाल बलराम दास टंडन ने होम एट फंक्शन में मेडल प्रदान किया। यह पहला मौका है जब आरडीसी से लौटकर आने वाले कैडेट्स के लिए इस तरह का सम्मान समारोह रखा गया। शनिवार को बटालियन के दफ्तर में हुए सादे समारोह में कैडेट्स ने अपने अनुभव बांटे। उन्होंने बताया कि 28 जनवरी को आर्मी ग्राउंड में हुई पीएम रैली के लिए उनका चयन हुआ था। इन पांच कैडेट्स में तीन लड़कियां हैं। कर्नल यूके पंत ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बेटियों ने यहां भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

## यहां से हुए शामिल

इस अवसर पर दुर्ग, राजनांदगांव, कवर्धा, अम्बागढ़ चौकी, भिलाई से एनसीसी अधिकारी मौजूद थे। इन सभी कैडेट्स ने आरडीसी में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, लोकनृत्य, लोकगीतों की प्रस्तुति दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने मार्चपास्ट कर उन्हें सलामी दी। इन कैडेट्स को आर्मी चीफ, नेवल चीफ से भी मिलने का मौका मिला। सर्जेंट दीपक नेताम शासकीय एलसीएस महाविद्यालय अम्बागढ़ चौकी, सीनियर अंडर अफसर दीपक त्रिपाठी डीएमवी कॉलेज राजनांदगांव, कैडेट अम्बे मानिकपुरी शासकीय महा. कवर्धा, कैडेट वीना नेताम शासकीय एल सी एस कॉलेज अम्बागढ़ चौकी, कैडेट अश्वनी निषाद एस डी एन पी एन विद्यालय राजनांदगांव ने एनसीसी के 8 से ज्यादा कैंप में हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ से होते हुए मध्यप्रदेश की टीम से मुकाबला किया और आखिर में उनका चयन गणतंत्र दिवस परेड कैंप के लिए हुआ। इन कैडेटस को ड्रील, फाइरिंग, सांस्कृतिक प्रस्तुति, सामान्य ज्ञान, फ्लैग एरिया आदि में बेस्ट होने पर चुना गया। छत्तीसगढ़ से यह सभी कैडेट्स लेफ्टनेंट चंद्रकांत साहू एसोसिएट एनसीसी अधिकारी के नेतृत्व में दिल्ली गए थे।



पत्रिका plus

citylive . infocus . showbiz

## देशसेवा के लिए वर्दी की नहीं ईमानदारी की जरूरत

## एडवेंचर प्र”ाक्षण



एडवेंचर प्रशिक्षण के तहत् कैडेट एवं एन.सी.सी.अधिकारी मेजर किरण लता दामले पैरासेलिंग करते हुए





एडवेंचर प्रशिक्षण के तहत् कैडेट स्लदविंग एवं वाल–क्लाइम्बिंग का प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए



# शहर के 66 एनसीसी कैडेटों ने लिया साहसिक प्रशिक्षण, भिलाई में जुटे थे

राजनांदगांव @ पत्रिका

patrika.com/city

स्टेट हाई स्कूल एवं म्युनिस्पिल स्कूल के 66 एनसीसी कैडेटों ने 14 फरवरी को चरोदा (भिलाई) स्थित मैदान में एक दिवसीय शिविर पैरासिलिंग, वाल क्लाईविंग, स्लिडविंग जैसी साहसिक गतिविधियों का प्रशिक्षण लिया। 15 फरवरी को सीनियर डिवीजन एवं विंग के कैडेट भी शामिल हुए। भाजयुमो के शहर मंत्री किशुन यदु ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

इस अवसर पर पूर्व कैडेट आशीष डोंगरे, मुकेश, संदीप जायसवाल उपस्थित थे। कमान अधिकारी 37 एनसीसी बटालियन दुर्ग कर्नल यूके पंत के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त किया। पैरासेलिंग में कैडेटों को पैराशूट के द्वारा आसमान में जमीन से लगभग सौ फीट की ऊंचाई तक जंप कराया गया।

कैडेटों ने भिलाई के कैंप में साहस के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया।

## जज्बा दिखाया

पैराशूट की डोरी नीचे प्रशिक्षक द्वारा नियंत्रित होती है, इसे हवा के विपरीत दिशा में ऊंचाई तक उड़ाया जाता है। बटालियन के प्रशिक्षण सूबेदार मेजर कृष्णा थापा, सूबेदार केवल सिंह, दिलीप थापा की भूमिका अहम रही। आर्टिफिशियल वाल फ्लाविंग में कैडेट को ऊंची दीवार पर चढ़ना एवं उतरना सिखाया। कैडेट बेल्ट तथा डोर बद्ध थे, जिससे हादसों से बचा जा सके। स्वयं कर्नल यूके पंत एवं एनसीसी अधिकारी सुनील भागवत, जीडी वैष्णव एवं आशां शाह ने पैरासिलिंग जम्प पूर्ण कर कैडेटों को प्रोत्साहित किया। यह जानकारी म्युनिस्पल स्कूल के एनसीसी अधिकारी जीडी वैष्णव ने दी।



नवभारत 3

प्रशिक्षण

# जूनियर डिवीजन एवं एनसीसी कैडेटों ने ली एडवेंचर ट्रेनिंग

राजनांदगांव कार्यालय

राजनांदगांव. कमान अधिकारी 37 छग एनसीसी बटालियन दुर्ग कर्नल यूके पंत के निर्देशन में राजनांदगांव के जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग के कुल 66 कैडेटों ने साहसिक गतिविधियां प्राप्त किया. 14 फरवरी 2016 को चरोदा (भिलाई) स्थित मैदान में स्टेट हाई स्कूल एवं सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम स्कूल के एनसीसी कैडेट एक दिवसीय शिविर जिसमें पैरासिलिंग, वाल क्लाईविंग, स्लिडविंग जैसी साहसिक गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया.

15 फरवरी को सीनियर डिवीजन एवं विंग के कैडेट भी शामिल हुए. शहर भाजयुमो मंत्री किशुन यदु ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. श्री यदु ने कैडेटों को अनुशासित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करने की समझाईश दी. इस अवसर पर पूर्व कैडेट आशीष डोंगरे, मुकेश, संदीप जायसवाल उपस्थित थे.

पैरासेलिंग में कैडेटों को पैरासूट के माध्यम से आसमान में जमीन से लगभग 100 फीट की ऊंचाई तक जम्प कराया जाता है. पैरासूट की डोरी नीचे प्रशिक्षक द्वारा नियंत्रित होती है, इसे हवा के विपरीत दिशा में ऊंचाई तक उड़ाया जाता है. सभी जम्प सफलतापूर्ण करा लिये गये. इस कार्यवाही में बटालियन के प्रशिक्षण सूबेदार मेजर कृष्णा थापा, सूबेदार केवल सिंह, दिलीप थापा की भूमिका अहम रही. आर्टिफिशियल वाल फ्लाविंग में कैडेट को ऊंची दीवार पर चढ़ना एवं उतरना सिखाया गया. कैडेट बेल्ट तथा डोर बद्ध थे, जिससे हादसों से बचा जा सके. स्लिदरींग एक्टीविटी पाईन से निर्मित चुकोणीय इमारतनुमा ऊंची आकृति होती है. जिसमें निर्धारित समय में कैडेट को चढ़कर उतरना होता है. यह भी प्रशिक्षण के निगरानी में बेल्ट एवं डोरी से टाईट कर कैडेटों को सिखाया गया. कैडेटों को विशेष प्रोत्साहन के रूप में स्वयं कर्नल यूके पंत एवं एनसीसी अधिकारी सुनील भागवत, जीडी वैष्णव एवं श्रीमती आशा शाह ने पैरासिलिंग जम्प पूर्ण कर कैडेटों को प्रोत्साहित किया. यह कार्यवाही कैडेटों के आत्म विश्वास को बढ़ाया. सभी गतिविधियों ने कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की. इस एक दिवसीय शिविर में छात्रों के आने जाने हेतु सीआईटी कालेज की वाहन सुविधा प्राप्त हुई. उक्ताशय की जानकारी म्युनिस्पल स्कूल के एनसीसी अधिकारी जीडी वैष्णव ने दी.



[redacted]

किसान हित में अनेक योजनाएं ... सहित कांग्रेसजन बड़ी संख्या में ... लेना छोड़, जनहित में कार्य करें।
लागू की। खेती भूमि को सिंचित ... उपस्थित थे।

## एनसीसी कैडेटों का प्रशिक्षण

राजनांदगांव। कमान अधिकारी 37 छग एनसीसी बटालियन दुर्ग कर्नल यूके पंत के निर्देशन में राजनांदगांव के जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग के कुल 66 कैडेटों ने साहसिक गतिविधियां प्राप्त की। 14 फरवरी 2016 को चरोदा (भिलाई) स्थित मैदान में स्टेट हाई स्कूल एवं सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम स्कूल के एनसीसी कैडेटों ने एक दिवसीय शिविर (जिसमें पैरासिलिंग, वाल क्लाईविंग, स्लिडविंग जैसी साहसिक गतिविधियों) में प्रशिक्षण प्राप्त किया। 15 फरवरी को सीनियर डिवीजन एवं विंग के कैडेट भी शामिल हुए। शहर भाजयुमो मंत्री किशुन यदु ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पूर्व कैडेट आशीष डोंगरे, मुकेश, संदीप जायसवाल उपस्थित थे।

पैरासेलिंग में कैडेटों को पैरासूट के माध्यम से आसमान में जमीन से लगभग 100 फीट की ऊंचाई तक जम्प कराया जाता है। पैरासूट की डोरी नीचे प्रशिक्षक द्वारा नियंत्रित होती है, इसे हवा के विपरीत दिशा में ऊंचाई तक उड़ाया जाता है। सभी जम्प सफलतापूर्ण करा लिये गये। इस कार्यवाही में बटालियन के प्रशिक्षक सूबेदार मेजर कृष्णा थापा, सूबेदार केवल सिंह, दिलीप थापा की भूमिका अहम रही। आर्टिफिशियल वाल फ्लाविंग में कैडेट को ऊंची दीवार पर चढ़ना एवं उतरना सिखाया गया। स्लिदरींग एक्टीविटी पाईन से निर्मित चुकोणीय इमारतनुमा ऊंची आकृति होती है जिसमें निर्धारित समय में कैडेट को चढ़कर उतरना होता है। यह भी प्रशिक्षण की निगरानी में बेल्ट एवं डोरी से टाईट कर कैडेटों को सिखाया गया। कैडेटों को विशेष प्रोत्साहन के रूप में स्वयं कर्नल यूके पंत एवं एनसीसी अधिकारी सुनील भागवत, जीडी वैष्णव एवं श्रीमती आशा शाह ने पैरासिलिंग जम्प पूर्ण कर कैडेटों को प्रोत्साहित किया।



## एनसीसी कैडेटों ने किया एडवेंचर ट्रेनिंग

राजनांदगांव। कमान अधिकारी 37 छग एनसीसी बटालियन दुर्ग कर्नल यूके पंत के निर्देशन में राजनांदगांव के जूनियर डिवीजन एवं जूनियर विंग के कुल 66 कैडेटों ने साहसिक गतिविधियां प्राप्त किया। 14 फरवरी 2016 को चरोदा (भिलाई) स्थित मैदान में स्टेट हाई स्कूल एवं सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम स्कूल के एनसीसी कैडेट एक दिवसीय शिविर जिसमें पैरासिलिंग, वाल क्लाईविंग, स्लिडविंग जैसी साहसिक गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। 15 फरवरी को सीनियर डिवीजन एवं विंग के कैडेट भी शामिल हुए। शहर भाजयुमो मंत्री किशुन यदु ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री यदु ने कैडेटों को अनुशासित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करने की समझाईश दी। इस अवसर पर पूर्व कैडेट आशीष डोंगरे, मुकेश, संदीप जायसवाल उपस्थित थे।

पैरासेलिंग में कैडेटों को पैरासूट के माध्यम से आसमान में जमीन से लगभग 100 फीट की ऊंचाई तक जम्प कराया जाता है। पैरासूट की डोरी नीचे प्रशिक्षक द्वारा नियंत्रित होती है, इसे हवा के विपरीत दिशा में ऊंचाई तक उड़ाया जाता है। सभी जम्प सफलतापूर्ण करा लिये गये। इस कार्यवाही में बटालियन के प्रशिक्षण सूबेदार मेजर कृष्णा थापा, सूबेदार केवल सिंह, दिलीप थापा की भूमिका अहम रही। आर्टिफिशियल वाल फ्लाविंग में कैडेट को ऊंची दीवार पर चढ़ना एवं उतरना सिखाया गया। कैडेट बेल्ट तथा डोर बद्ध थे, जिससे हादसों से बचा जा सके। स्लिदरींग एक्टीविटी पाईन से निर्मित चुकोणीय इमारतनुमा ऊंची आकृति होती है। जिसमें निर्धारित समय में कैडेट को चढ़कर उतरना होता है। यह भी प्रशिक्षण के निगरानी में बेल्ट एवं डोरी से टाईट कर कैडेटों को सिखाया गया। कैडेटों को विशेष प्रोत्साहन के रूप में स्वयं कर्नल यूके पंत एवं एनसीसी अधिकारी सुनील भागवत, जीडी वैष्णव एवं श्रीमती आशा शाह ने पैरासिलिंग जम्प पूर्ण कर कैडेटों को प्रोत्साहित किया। यह कार्यवाही कैडेटों के आत्म विश्वास को बढ़ाया। सभी गतिविधियों ने कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस एक दिवसीय शिविर में छात्रों के आने जाने हेतु सीआईटी कालेज की वाहन सुविधा प्राप्त हुई। उक्ताशय की जानकारी म्युनिस्पल स्कूल के एनसीसी अधिकारी जीडी वैष्णव ने दी।

## स्टार्ट अप इंडिया







कैडेटों ने जेटली को सुना

राजनांदगांव. दिग्विजय महाविद्यालय में केंद्रीय मंत्री अरूण जेटली के संबोधन का लाइव प्रसारण हुआ। एनसीसी कैडट ने इसका अध्ययन किया। दिग्विजय महाविद्यालय के प्रोफेसर आरएन सिंह सहित शहर के सभी स्कूलों व महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इनसेट में केंद्रीय मंत्री जेटली छात्रों को संबोधित करते हुए।



# नेवल एन.सी.सी.









रा”टय नेवल षिविर विषाखापटनम् में महाविद्यालय के नकवल कैडेट


REPUBLIC DAY 2016
REPUBLIC DAY 2016

----------------------------------------------------------